भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 277
जिसका उत्तर मंगलवार, 26 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है।

स्वचालित मिशन प्लान

277. श्री प्रभाकर रेड्डी कोथा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इंडियन ऑटो मोबाइल इंडस्ट्री को विश्व में अगली पंक्ति में लाने के लिए ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2016-26 योजना प्रारंभ कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसकी विशेषताएं क्या हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क) और (ख): जी, हां। निम्नलिखित प्रमुख बातों को ध्यान में रखते हुए ऑटोमोटिव मिशन प्लान प्रारंभ होने की अंतिम अवस्था में है:

I. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को शीर्ष रोजगार सृजनकर्ता बनाना- 65 मिलियन अतिरिक्त रोजगार।
II. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को विनिर्माण क्षेत्र और “मेक इन इंडिया” कार्यक्रम का मुख्य चालक बनाना।
III. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग का लक्ष्य वाहनों के निर्यात में 5 गुना और इसके घटकों में 7.5 गुना वृद्धि हासिल करना है।
IV. एएमपी 2026 की सफलता के लिए, ऑटोमोटिव सेक्टर हेतु समन्वित और स्थायी नीति व्यवस्था की आवश्यकता है।
V. विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बरकरार रखने और इसमें सुधार करने तथा पर्यावरण और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने हेतु विशिष्ट उपायों की परिकल्पना की गई है।

****